


मेहनत और बोलिंग दोनों करते रहो दबा के

## आईपीएल में किसकी बल्लेबाजी है सबसे मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2020 की हर टीम को उसकी बल्लेबाजी की मजबूती के आधार पर रैंकिंग दी है। आईपीएल–13 की शुरुआत 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में होगी। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने मांजरेकर ने यह रैंकिंग देते हुए इस बात को भी ध्यान में रखा है कि यूएई की पिचें स्वाभाविक रूप से स्पिनर्स के लिए मददगार होती हैं। सुरेश रैना के आईपीएल से हटने और टीम के कई खिलाड़ियों की उम्र 30 साल से अधिक होने के बावजूद मांजरेकर को लगता है कि चेन्नै सुपर किंग्स के पास आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी यूनिट है। किंग्स इलेवन पंजाब के पास केएल राहुल और क्रिस गेल के रूप में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी यूनिट है। यह टीम मांजरेकर की लिस्ट में दूसरे पायदान पर है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम तीसरे नंबर पर है। टीम ने पिछले सीजन में सात साल बाद प्लेऑफ में जगह बनाई थी। इस बार टीम ने राजस्थान रॉयल्स से अजिंक्य रहाणे को ट्रेड भी किया है।

अंतिम दो स्थानों पर मांजरेकर ने सन राइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें हैं। सन राइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी काफी हद तक विदेशी बल्लेबाजों पर निर्भर है। टीम में डेविड वॉर्नर, जॉनी बेयरस्टो और केन विलियमसन पर बड़ा दारोमदार है।

# संक्रमित खिलाड़ियों के बिना अभ्यास शुरू करेगा सीएसके

क्रिकेट

### टूर्नमेंट 19 सितंबर से तीन शहरों दुबई, शारजाह और अबु धाबी में खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। कोविड–19 से संक्रमित दीपक चाहर और रुतुराज गायकवाड़ को छोड़कर चेन्नै सुपर किंग्स के बाकी खिलाड़ी अब इंडियन प्रीमियर लीग के लिए अभ्यास शुरू कर देंगे क्योंकि तीसरे दौर के परीक्षण के बाद उन सभी के परिणाम नेगेटिव आए हैं। इन परिणामों से फ्रेंचाइजी को बड़ी राहत मिली क्योंकि पिछले सप्ताह उसके 13 सदस्य कोविड–19 के लिए पॉजीटिव पाए गए थे। टूर्नमेंट 19 सितंबर से तीन शहरों दुबई, शारजाह और अबु धाबी में खेला जाएगा।

सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएस विश्वनाथन ने कहा, 'अभ्यास आज से शुरू हो जाएगा। उन 13 को छोड़कर बाकी सभी का परीक्षण तीसरी बार भी नेगेटिव आया है। जिनका परीक्षण पॉजीटिव आया था उनका क्वॉरनटीन (14 दिन) पूरा करने के बाद ही फिर से



परीक्षण किया जाएगा।'

दीपक और रुतुराज के अलावा चेन्नै टीम स्टाफ के 11 सदस्यों का अगले सप्ताह 14 दिन का क्वॉरनटीन पूरा होने के बाद दो बार परीक्षण किया जाएगा। अभ्यास शुरू करने से पहले उनके दो परीक्षण नेगेटिव आने जरूरी हैं। इस बीच अनुभवी ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह के टीम से जुड़ने में देरी को लेकर इस खिलाड़ी और सीएसके की तरफ से कोई पुष्टि नहीं हो पायी।

कयास लगाए जा रहे हैं कि वह निजी कारणों से टूर्नमेंट से हट सकते हैं। विश्वनाथन ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सीएसके पास हरभजन के अलवा तीन अन्य प्रमुख स्पिनर हैं। इनमें लेग स्पिनर इमरान ताहिर, बायें हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनर और लेग स्पिनर पीयूष चावला शामिल हैं।

# निजी कारणों से आईपीएल–13 से हटे भज्जी, चेन्नै सुपर किंग्स को झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्टार ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने निजी कारणों से आईपीएल के अगले एडिशन से हटने का फैसला किया है। हरभजन के आईपीएल में नहीं खेलने पर पिछले कुछ समय से कयास लगाए जा रहे थे जिस पर शुक्रवार को विराम लग गया। ऐसा माना जा रहा है कि भज्जी ने कोरोना वायरस के डर से आईपीएल के अगले सीजन में नहीं खेलने का फैसला किया है।

भारत में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 13वां सीजन 19 सितंबर से यूएई में होना है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि हरभजन टीम से नहीं



जुड़े थे।

हरभजन ने शुक्रवार को चेन्नै सुपर किंग्स टीम को अपने इस फैसले के बारे में जानकारी दी। वह व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस साल के आईपीएल से हटने वाले सीएसके के दूसरे क्रिकेटर बन गए। उनसे पहले सुरेश रैना यूएई में टीम के साथ जाने के बाद स्वदेश लौट आए थे।

टर्बनेटर के नाम से मशहूर इस दिग्गज क्रिकेटर को महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नै सुपर किंग्स के साथ एक सितंबर को जुड़ना था, लेकिन एक बार फिर उनका यूएई जाना टल गया। भज्जी सीएसके टीम के साथ यूएई के लिए रवाना नहीं हुए थे। ऐसी खबरें थीं कि वह टीम के साथ बाद में जुड़ जाएंगे। हालांकि उन्होंने अब आईपीएल से हटने का ही फैसला कर लिया। सीएसके के दो खिलाड़ी और कुछ सपोर्ट स्टाफ सदस्य कोविड–19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए थे। इसी वजह से टीम का क्वारंटीन पीरियड भी बढ़ा दिया गया।

इसके चलते टीम की ट्रेनिंग भी तय शेड्यूल के मुताबिक, शुरु नहीं हो सकी। हालांकि बाद में सभी का कोरोना टेस्ट निगेटिव आया था।

## आईपीएल शेड्यूल को लेकर होगा बड़ा ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का शेड्यूल शुक्रवार को जारी हो सकता है। इसके लिए चेन्नै सुपर किंग्स के कोरोनावायरस टेस्ट का इंतजार किया जा रहा था। खबर है कि चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाड़ियों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और ऐसे में लीग का पहला मैच चेन्नै सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा सकता है। अगर ऐसा नहीं होता तो सीएसके के मैच बाद में करवाए जा सकते थे।

पिछले सप्ताह चेन्नै सुपर किंग्स की टीम के कई खिलाड़ियों का टेस्ट पॉजीटिव आने के बाद आईपीएल मुश्किल में पड़ गया था। इसके बाद चेन्नै की टीम ने अपना आइसोलेशन एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने सात कॉमेंटेटर्स भी फाइनल कर लिए हैं। इसमें सुनील गावसकर, लक्ष्मण शिवरामाकृष्णन, मुरली कार्तिक, दीप दासगुप्ता, अंजुम चोपड़ा, रोहन गावसकर और हर्षा भोगले शामिल हैं। ये सभी 10 सितंबर को यूएई के लिए रवाना होंगे। इन्हें दो पैनल में बांटा गया है। एक को दुबई और शारजाह के लिए बेस किया गया है वहीं दूसरा अबू धाबी में बेस होगा।

## न्यूज डायरी



### 'अंकल' जुगराज की सलाह ने बदल दी युवा खिलाड़ी हार्दिक सिंह की किस्मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय हॉकी खिलाड़ी हार्दिक सिंह 2017 में नीदरलैंड की पेशेवर लीग में खेलना चाहते थे लेकिन उनके अंकल जुगराज सिंह ने उन्हें भारतीय टीम में चयन पर ध्यान लगाने सलाह दी। इससे इस युवा मिडफील्डर का भाग्य बदल गया। भारत के सबसे मशहूर ड्रैग फ्लिकर में एक जुगराज ने ऐसे समय में हार्दिक को प्रेरित किया जबकि वह अपने करियर को लेकर चिंतित थे। अब हार्दिक का लक्ष्य बेहतर खिलाड़ी बनने और अगले साल तोक्यो ओलिंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना है। पंजाब में जालंधर के करीब स्थित खुसरोपुर गांव के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने कहा कि उनका 2017 में भारतीय टीम से खेलना का सपना लगभग टूट चुका था। हार्दिक ने कहा, 'मैंने 14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकैडमी में प्रवेश किया और इसके बाद तेजी से सब जूनियर से सीनियर स्तर पर पहुंचा।

### मौजूदा चौंपियन बारबाडोस ट्राइडेंट्स और सेंट कीट्स ऐंड नेविस लीग से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टारूबा। मौजूदा चौंपियन बारबाडोस ट्राइडेंट्स और सेंट कीट्स ऐंड नेविस पैट्रियट्स की टीम 10 लीग मैचों का कोटा पूरा करने से पहले ही कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। वॉरियर्स ने ट्राइडेंट्स को कम स्कोर वाले मैच में 6 विकेट से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। वहीं, पैट्रियट्स और जमैका तल्लावाह का मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। इस मैच में केवल पांच ओवर का ही खेल हो पाया। तीन टीमों को अभी दो–दो जबकि दो अन्य टीमों को एक–एक मैच खेलना है लेकिन सेमीफाइनल की चारों टीमें तय हो गई हैं। ट्रिनबागो नाइटराइडर्स, गयाना अमेजॉन वॉरियर्स, सेंट लूसिया जॉक्स और जमैका तल्लावाह ने अंतिम–4 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अंतिम स्थिति बाकी मैचों के बाद तय होगी।

### शशि थरूर ने बताया, क्यों खेल सट्टेबाजी को भारत में किया जाए वैध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लोकसभा सांसद और कांग्रेस नेता डॉ. शशि थरूर ने कहा है कि भारत में स्पोर्ट्स बेटिंग को वैध बनाने से सरकार और खेल उद्योग, दोनों को कई तरह से फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह क्रिकेट में मैच फिक्सिंग को कम करने में मदद करेगा। डॉ. थरूर ने स्पोर्ट्सकीडा के फेसबुक पेज पर लाइव चौट में कहा कि सट्टेबाज को वैध बनाने से सरकार भी अच्छी खासी कमाई कर सकती है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट से इसे निष्पक्ष खेल घोषित किया है। इसके बाद से ही भारत में फैंटेसी क्रिकेट काफी बढ़ गया है। भारत का सबसे बड़ी फैंटेसी कंपनी ड्रीम 11 इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन को स्पॉन्सर कर रही है जिससे समझा जा सकता है यह किसनी तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा, सरकार ऐसे प्लेटफॉर्म से कर राजस्व कमाती है। खेल सट्टेबाजी अपने राजस्व को और भी ज्यादा बढ़ा सकती है। थरूर ने कहा, मैंने ना केवल सिफारिश की है कि (सट्टेबाजी को वैध बनाना), बल्कि मैंने पिछले संसद सत्र में सदस्यों का निजी विधेयक भी पेश किया है जो खेल सट्टे को वैध करेगा।

### 7 साल बाद यूएस ओपन में किसी भारतीय ने जीता पुरुष एकल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चंडीगढ़। यूएस ओपन के दूसरे राउंड में भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम से था। नागल को हालांकि सीधे सेटों में शिकस्त मिली और थीम ने 6–3, 6–3, 6–2 से मुकाबला अपने नाम किया। सात साल बाद यह पहला मौका था, जब किसी भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी ने यूएस ओपन में कोई मैच जीता था। सुमित से पहले 2013 में सोमदेव देववर्मन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। नागल का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम से था, लेकिन भारतीय खिलाड़ी दूसरे राउंड में ही हार गया। दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम ने दूसरे राउंड में सुमित नागल को लगातार सेटों में 6–3, 6–3, 6–2 से मात दी और अगले दौर में जगह बना ली।